कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) जी, हां। इस संबंध में प्रदर्शन की कुछ घटनाएं हुई हैं।

(ख) ऐसी दुर्घटनाओं का कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है। ऐसी घटनाएं जब कभी भी होती हैं, इन्हें विचार-विमर्श/सहमति द्वारा जिला प्रशासन और संबद्ध लोगों को अन्तर्ग्रस्त करके निपटाया जाता है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता है।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा मशीनों की खरीद

*187. **श्री लक्खी राम अग्रवाल** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद ने 1980-81 से 1991-92 के वर्षों के दौरान 1446.76 करोड़ रुपये की मशीनें खरीदी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इनमें से 161.49 करोड़ रुपये की मशीनों को अभी तक प्रतिष्ठापित भी नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि 1991-92 में खरीदी गई 140.96 करोड़ रुपये की मशीनों में से 67.89 करोड़ रुपये की मशीनें भारत कोकिंग कोल लि० के गोदामों में अभी भी अप्रयुक्त पड़ी है; और

(घ) क्या पैसे की इस बर्बादी की कोई जांच की गई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) भारत कोकिंग कोल लि० ने वर्ष 1981 से 1992 की अवधि के दौरान 1072.42 करोड़ रु० की मशीनों की खरीद की है।

(ख) यह बात सत्य नहीं है। सभी बड़े उत्पादन उपकरणों को स्थापित कर दिया गया है।

(ग) जी, नहीं। 31-3-1992 की स्थिति के अनुसार स्टाक के रूप में केवल 13.68 करोड़ रु० की मशीनरी स्टाक की गई थी।

(घ) चूंकि कुछ मशीनों को आवश्यकता पड़ने पर प्रचालन यूनिटों के लिए स्टाक में रखना पड़ा, अतः जांच किए जाने पर प्रश्न ही नहीं उठता है।

Annual Survey on Consumer Expenditure

*188. SHRI SURINDER KUMAR SINGLA:

DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR.

Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether the 48th Round of National Sample Survey, (January-December, 1992), Annual Survey on consumer expenditure has been completed;

(b) if so, what are the results thereof:

(c) if not, by when are the results likely to be expected; and

(d) by when the results of 1991 survey are likely to be published?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) Field work for the survey has been completed.